राजस्थान पत्रिका
जोधपुर, शुक्रवार, 12 जुलाई, 2024

942 विद्यार्थियों के ब्लड ग्रुप की जांच

जोधपुर @ पत्रिका. श्री वरुण शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में वरुण पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल एवं वरुण भारती उच्च-माध्यमिक विद्यालय के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के लिए चार दिवसीय ब्लड ग्रुप जांच शिविर आयोजित हुआ। संस्थान के फाउंडर मैनेजर लखनलाल अरोड़ा के निर्देशन व कोषाध्यक्ष नरेंद्र हवेजा के नेतृत्व में दोनों विद्यालयों के कुल 942 विद्यार्थियों तथा 72 शिक्षकों के ब्लड ग्रुप की जांच की गई। शिविर में कार्यकारिणी सदस्य अजय अरोड़ा, प्रिंसिपल एम. एस. राणावत, तारिका खत्री, वरुण पब्लिक स्कूल उप प्राचार्य अनिता जैन, अंजु अग्रवाल, गिरिश अरोड़ा, अशोक, अनूप, नन्दा, रेखा पारवानी सहित वन्दे भारत सेवा संस्थान का सहयोग रहा।